आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

# राजभाषा विभाग द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य

**विश्व हिन्दी दिवस (10 जनवरी) के उपलक्ष्य में हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन**
**दिनांक : 02.01.2026**

गुरुग्राम, 02 जनवरी 2026: हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहु-प्रचलित भाषा के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाए जाने वाले विश्व हिन्दी दिवस की पृष्ठभूमि में आरईसी मुख्यालय, गुरुग्राम में 'विश्व हिन्दी दिवस' के आगामी आयोजन के पूर्व हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय "हिन्दी वैश्विक संपर्क भाषा कैसे बन सकती है?" रखा गया था।

इस अवसर पर निर्णायक एवं वक्ता के रूप में गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग में कार्यरत सुश्री अंजु शर्मा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को हिन्दी के वैश्विक परिदृश्य से परिचित कराते हुए अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वर्ष 2021 से 2024 तक विदेश मंत्रालय के अंतर्गत दक्षिण अमेरिका में विभिन्न देशों के भारतीय दूतावासों में 'प्रेस, सूचना एवं संस्कृति अधिकारी' के रूप में अपनी सेवाएँ दी हैं। इस कार्यकाल के दौरान उन्होंने विदेशों में हिन्दी और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार, शैक्षणिक व सांस्कृतिक संस्थानों

के साथ समन्वय तथा प्रवासी भारतीय समुदाय के बीच संवाद की भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने में सराहनीय कार्य किया।

इस प्रतियोगिता में संस्थान के लगभग 40 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

और अपनी रचनात्मक लेखन क्षमता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनके रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना है।

प्रतियोगिता के विजेताओं को 'विश्व हिन्दी दिवस' के अवसर पर आयोजित समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की कार्यक्रम इकाई के लोक कलाकारों द्वारा भारत की लोक संस्कृति एवं भाषा संबंधी सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

*********************